दिनांक 15.09.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारम्भ अवसर पर आयुक्त के0एल0 चौहान ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि शहर की स्वच्छता का लक्ष्य जन भागीदारी के बिना संभव नहीं हैं 15 सितम्बर से 02 अक्टुबर तक आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निगम के प्रत्येक वार्ड में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

निगम मुख्य कार्यालय प्रांगण में अभियान की शुरुआत करते हुए स्वच्छता के क्षेत्र में निगम द्वारा किये गये कार्यों की फोटो प्रदर्शिनी एवं विडियो के माध्यम से प्रदर्शित होने वाले स्वच्छता पर आधारित फिल्म का शुभारम्भ करते हुए स्वच्छता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव ने कहा कि आज से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आव्हान पर स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुरुआत हो रहा हैं जिसके तहत् स्वच्छता के कार्य में सीधे जनता को जोड़ने के लिए विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन निगम द्वारा किया जायेगा जिसमें पार्षदों की अहम जिम्मेदारी होगी कि वे नागरिकों को अभियान से जोड़ने के लिए प्रेरित करें। आयुक्त के0एल0 चौहान ने कहा कि अभियान के तहत् विभिन्न कार्यक्रमों के साथ–साथ 27 सितम्बर को विशाल मोटर साईकल रैली मुख्य कार्यालय सुपेला से प्रातः 8 बजे निकाली जायेगी जो वार्डों का भ्रमण कर कचरे के पृथक्कीकरण के बारे में तथा स्वच्छता कार्य से जोड़ने के लिए नागरिकों को जागृत करेगी। 16 सितम्बर को कोहका मंगल बाजार में स्वच्छता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शाम 7 बजे किया जायेगा। दोपहर 3:35 बजे निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत निगम के अधिकारी, कर्मचारी, सामुदायिक संगठिका, महिला स्व–सहायता समुह को कार्यक्रम स्थल पर स्वच्छता ही सेवा का शपथ दिलाया गया।

कार्यक्रम में सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव, स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू, महापौर परिषद के सदस्य जोहन सिन्हा, पार्षद वशिष्ट नारायण मिश्रा, शिवप्रकाश शिबू, नेहा साहू, रीना नैय्यर, शंकर लाल देवांगन, विधायक प्रतिनिधि संजय दानी, सहित निगम के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

जन सम्पर्क अधिकारी